तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 6 अप्रैल 2024

09 पिकरीडीह में न्योता भोज ...

10 कर्मा जयंती पर साहू समाज ने निकाली कलश यात्रा





## NEET और JEE में चयन नहीं होने पर शत-प्रतिशत फीस वापसी की गारंटी

**प्राइम कैरियर में ड्रापर व समर कोर्स 8 अप्रैल से प्रारंभ**




**भिलाई।** ऐसे छात्र-छात्राएं जो अभी 12वीं की परीक्षा दिए है। उसके लिए 8 अप्रैल से ड्रापर बैच प्रारंभ हो रहा है। जो कि NEET व JEE के छात्र-छात्राओं के लिए है। ड्रापर बैच प्रत्येक दिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास लिया जाता है। प्रत्येक रविवार को परीक्षा नीट व जेईई परीक्षा पर आधारित टेस्ट ली जाती है। जिसका परिणाम प्रत्येक सोमवार को आता है। छात्र-छात्राओं को पढ़ाने वाले फैक्ल्टी आईआईटीयंस डॉक्टर्स छात्रों को शिक्षा देते है। पिछले वर्ष नीट परीक्षा में कुंवर सिंह 720 नंबर में 695 अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह अपूर्व 680, अंकित मंडावी 655, ओमप्रकाश 632, आकांक्षा यादव 617, श्वेता सिंह 612 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है। आईआईटी-जेईई की परीक्षाओं में समीर, लाडेकर आईआईटी मुंबई, शैलेंद्र साहू आईआईटी पटना, प्रफुल देवांगन आईआईटी B.H.U. में दाखिला हुआ। इसी तरह अनेक छात्र-छात्राओं ने देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज और आईआईटी व NIT कॉलेज में दाखिल हुआ। प्राइम कैरियर इस्टीट्यूट भिलाई शाखा में लगातार नीट व जेईई में टॉप टेन में परिणाम दे रहा है। जो देश में एक अलग पहचान बनाया है क्योंकि यहां डॉक्टर और आईआईटीयंस के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। यहां हॉस्टल की भी सुविधा है। वैसे छात्र जो अभी 10वीं की परीक्षा दिए है। उन छात्र-छात्राओं के लिए समर कोर्स 8 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। समर कोर्स में यहां 100 प्रतिशत कोर्स कम्पलिट कराया जाता है। समर कोर्स वाले बच्चों को स्टडी मटेरियल भी दिया जाता है। जो कि नीट व जेईई के छात्र के लिए बहुत उपयोगी है। यह समर कोर्स केवल तीन माह के लिए है। बच्चों के लिए आयोजित मोटिवेशन क्लासेस भी होता है। प्राइम कैरियर इस्टीट्यूट पूरे प्रदेश में एक मात्र संस्था है जहां स्टार बैच भी है। स्टार बैच में पढ़ने के बावजूद नीट व जेईई में चयन नहीं होता है तो 100 प्रतिशत फीस रिफंड किया जाता है वह भी लिखित दस्तावेज में, भिलाई में तीन शाखा है। पहला प्राइप कैरियर इस्टीट्यूट सेक्टर-10 ए मार्केट, दूसरा 178/179 न्यू सिविक सेंटर, तीसरा 262 जोनल मार्केट में संचालित है। जिसका मो. नं. 83195-71812 व 7880168887

Advt


## खबर संक्षेप

### मारपीट के मामले में 5 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** नयापारा के मुक्तिधाम दलदली रोड के पास मारपीट के मामले में 5 आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थी हरेंद्रलाल मिरी पिता भारत लाल मिरी ने पुलिस को बताया कि 4 अप्रैल को रात्रि लगभग 08.30 बजे मेरे घर एक महिला प्रेम संबंध होने के चलते मिलने आई थी। जिसे देख मोहल्ले के बोंदो मिरी पिता सुकालू मिरी, सुकालू मिरी पिता बाला राम मिरी, हरि मिरी पिता अशोक मिरी एवं नवीन पिता रामकृष्ण मिरी ने तुम मोहल्ले को बदनाम कर रहे हो कहते हुए गाली-गलौज करते हुए हाथमुक्का, डंडे से मारपीट किए। मारपीट की वजह से मेरे सिर पर चोट लगी है। पुलिस ने मामले में उक्त आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### गाली देने से मना किया तो हथियार लेकर दौड़ाया

**महासमुंद।** गाली देने से मना करने पर एक व्यक्ति द्वारा मुर्गी काटने का हथियार लेकर दौड़ाने का मामला सामने आया है। सिंघोड़ा पुलिस को प्रार्थी लखन पटेल पिता दयाराम पटेल निवासी ग्राम बोईरमाल ने बताया कि 4 अप्रैल को करीबन 01 बजे दोपहर को अपने घर के सामने खडा था, तभी मेरे गांव का कार्तिकराम सेठ अपने हाथ में मुर्गी काटने का लोहे का हथियार को रखकर लहराते हुए गालियां देते हुए अपने घर तरफ से जा रहा था, तब मैने कार्तिकराम को बोला तुम गाली क्यों दे रहे हो, तभी आरोपी कार्तिकराम ने गाली देने से मना करने वाले तुम कौन होते हो कहकर अपने हाथ में रखे मुर्गी काटने के लोहे के हथियार को हवा में लहराते हुए मुझे मारने के लिए दौड़ा।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने ग्राम पड़कीपाली भालुचुवां से आरोपी बंशीलाल महिलांगे पिता कुशवा राम महिलांगे ( 40) मनबाय थाना के कब्जे से 28 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 5600 रुपए जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। इसी तरह रेलवे अंडरब्रिज के पास हरनादादर जाने का मार्ग ग्राम पतेरापाली में आरोपी केशव पिता शिव नागवंशी (24) बीकेबाहरा के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब जब्त किया है।

# भालुओं का आतंक : तीन ग्रामीणों पर किया हमला

### सुबह-सुबह ग्रामीण बकलीपाली और कोदोपाली के जंगल में लकड़ी बिनने गए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलाईगढ़

क्षेत्र में इन दिनों भालुओं का आतंक जारी है। बता दे की दो अलग-अलग स्थान बकलीपाली और कोदोपाली के जंगल में ग्रामीण निस्तार के लिए लकड़ी बिनने गए थे। इस दौरान भालुओं के झुंड ने तीन ग्रामीणों पर हमला कर सभी को घायल कर दिया। जिसमें कोदोपाली निवासी सिदार सिंह गंभीर रूप से घायल है, उन्हें बिलासपुर रेफर किया गया है, जबकि रामपुर निवासी लाल साहू और धरमलाल सतनामी की स्थिति सामान्य है। तीनों घायलों के परिजनों को वन विभाग बिलाईगढ़ के अधिकारियों द्वारा तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही आसपास गांव के लोगों को जंगल न जाने की सलाह दी गई है।





#### ग्रामीणों को जंगल नहीं जाने की दी हिदायत

वन मंडल अधिकारी बिलाईगढ़ मोहम्मद आसिफ खान ने बताया की सुबह 5.30 बजे रामपुर के ग्रामीण मंतल लाल साहू और धरमलला सतनामी बकलीपाली जंगल में लकड़ी बिनने गए थे, जिनको एक मादा भालू और एक भालू के बच्चे द्वारा हमला किया गया है। वहीं दूसरी घटना कोदोपाली जंगल की है, जहां पर करीब सुबह 7 बजे कोदोपाली निवासी सिदार सिंह लकड़ी बिनने गया था। जिस पर भी भालुओं के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे सिदार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार करने के बाद बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। साथ ही घायलों के परिजनों को 2-2 हजार की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की गई है और आसपास के गांव के लोगों को मुनादी के माध्यम से जंगल ना जाने के लिए अलर्ट किया गया है।

#### गंभीर ग्रामीण का बिलासपुर में इलाज जारी

वहीं मेडिकल ऑफिसर बिलाईगढ़ राजेश प्रधान ने बताया कि बियर बाइट के तीन अलग-अलग मामले सामने आए थे, जिसमें से एक सिदार सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसके सिर में गंभीर चोट आई है। भालू ने सिर पर हमला किया है जिनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। उसे बिलासपुर रेफर किया गया है, बाकि दो मरीज सामान्य है जिनका भी प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में किया गया है।

## फूड पाइजनिंग के पीड़ितों की हालात में सुधार, स्वास्थ्य अमला गांव में तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलाईगढ़



ग्राम रानीगढ़ में फूड पाइजनिंग से पीड़ित 98 लोगों के स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार आने लगा है। गंभीर और सामान्य मरीजों का अलग-अलग स्थानों पर इलाज अब भी जारी है। स्वास्थ्य अमला पूरी निगरानी में लगा है। डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव खंड चिकित्सा अधिकारी बिलाईगढ़ द्वारा बताया गया कि ग्राम रानीगढ़ में कुल 98 लोग प्रभावित हुए हैं जिसमें 58 मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में भर्ती है 3 मरीजों को सीएचसी बिलाईगढ़ से जिला अस्पताल बलौदाबाजार रेफेर किया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धनसिर में 17 मरीज भर्ती है जो की डॉ. योगेश बढ़िया चिकित्सा अधिकारी के निगरानी में इलाज चल रहा है, बाकी के 23 ▶▶ शेष पेज 09 पर

#### जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं उनके टीम ने फूड पॉइजनिंग के भर्ती मरीजों की जानकारी ली


वहीं जिला स्तरीय टीम डॉ. अवधेश पाणिग्रही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ एवं उनके टीम डॉ. आर एल सिदार खंड चिकित्सा अधिकारी सारंगढ़, डॉ. भूषण खुटे आईडीएसपी नोडल अधिकारी सारंगढ़ और नंदलाल इजारदार डीपीएम सारंगढ़ द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ का विजिट किये, जिसमें डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव खंड चिकित्सा अधिकारी बिलाईगढ़, चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। सीएमएचओ एवं उनके टीम ग्राम रानीगढ़ छुइहा के फूड पाइजनिंग भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य की जानकरी ली।

## गाथा श्रीराम मंदिर की संगीतमय प्रस्तुति से नगरवासी हुए भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

श्रीराम जन्मभूमि से जुड़े 500 वर्षों के इतिहास की गाथा की प्रस्तुति आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा द्वारा 4 अप्रैल को नगर स्थित रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में दी गई। यहां मुंबई से आए मोहित शिवानी, कवि, बालीबुड लेखक सूत्रधार प्रबुद्ध सौरभ के हृदय बैंड ने 500 साल पहले आक्रांताओं द्वारा मंदिर तोड़े जाने और इसके बाद से शुरू श्रीराम जन्म भूमि को मुक्त कराने के संघर्ष की गाथा सुनाई। इस 75 मिनट की गाथा में अयोध्या में श्रीराम मंदिर के 2000 से अधिक वर्षों के इतिहास की संगीतमय प्रस्तुति दी गई।

भाटापारा नगर में 'गाथा श्रीराम मंदिर की' संगीतमय प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस आयोजन में श्रीराम के जन्म, जीवन और जय की कथा के साथ ही अयोध्या और राम मंदिर के निर्माण की वृहद गाथा नगरवासियों ने सुनी।



#### अयोध्या में श्रीराम मंदिर के दो हजार से अधिक वर्षों के इतिहास की संगीतमय प्रस्तुति

इस गाथा में अयोध्या में श्रीराम मंदिर के 2000 से अधिक वर्षों का इतिहास की जानकारी दी गई, जो लव-कुश से शुरू होकर अयोध्या पर हुए हमलों, राजा विक्रमादित्य और मां अहिल्या बाई होल्कर द्वारा मंदिर के जीर्णोद्धार, बैरागी साधुओं के संघर्ष, गर्भगृह से रामलला का निकाला जाना, गर्भगृह में रामलला का प्रकट होना, कार सेवा, कोठारी बन्धुओं के बलिदान, राजनीतिक उथल-पुथल से लेकर वर्तमान में मंदिर की भव्यता, दिव्यता को प्रस्तुत किया गया।

इस भव्य और दिव्य आयोजन में छत्तीसगढ़ फिल्मी कलाकार सुनील तिवारी, आदर्श रामलीला नाटक मंडली के सदस्य संदीप मल, कोमल शर्मा, हेमंत मल, प्रकाश शर्मा, बजरंग लाल चौराशिया, रामजी जोशी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ▶▶ शेष पेज 09 पर

### फसल क्षति का आंकलन करने खेत पहुंचे एसडीएम

**भटगांव।** आईएएस वासु जैन एसडीएम सारंगढ़ द्वारा बेमौसम बारिश से फसलों के क्षति का आंकलन करने सरिया क्षेत्र के ग्राम पुरैना पहुंचे। श्री जैन ने कई किसानों के खेतों में जाकर सरसो और गेहूं की फसलों का अवलोकन किया, जिसमें फसल खड़ी पाई गई। वर्तमान स्थिति में 20 प्रतिशत फसल क्षति आंकी गई है। पटवारी द्वारा विस्तृत जांच रिपोर्ट आने पर किसानों के फसल क्षति का मुआवजा का निर्धारण किया जाएगा। राजस्व पुस्तक परिपत्र अनुसार 33 प्रतिशत फसल क्षति ▶▶ शेष पेज 09 पर



**पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## लोकसभा चुनाव के लिए कर्मचारियों ने लिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

विकासखंड सिमगा के कर्मचारियों को लोकसभा निर्वाचन के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन गुरूवार को हुआ। प्रथम दो दिवस 620 पुरुष कर्मचारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ और तृतीय दिवस संगवारी मतदान केंद्र हेतु 120 महिला कर्मचारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के समाप्ति पर समस्त कर्मचारियों को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए शपथ दिलायी गई। इस दौरान प्रशिक्षण शिविर में कलेक्टर के एवं चौहान का भी आगमन हुआ, जहां कलेक्टर ने मतदान कर्मियो को ईवीएम का संचालन और चुनाव प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक बाते बताई। चुनाव कार्य की गंभीरता, जिम्मेदारी और निर्वाचन कार्य संपन्न करने के विषय में विस्तार से समझाया गया । इस दौरान कलेक्टर के साथ सीईओ जिला पंचायत, एसडीएम सिमगा, सीईओ सिमगा ,तहसीलदार सिमगा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




## खबर संक्षेप



### शहर में 5 स्थानों पर शीतल जलसेवा केंद्र शुरू

**रायपुर।** साधक परिवार रायपुर द्वारा राजधानी में 5 अलग-अलग स्थानों पर गर्मी के दिनों में लोगों की प्यास बुझाने शीतल जलसेवा केंद्र शुरू किए गए हैं। रेलवे स्टेशन, भाठागांव स्थित इंटरस्टेट बस टर्मिनल परिसर, अम्लेश्वर थाने के सामने और विधानसभा ओवरब्रिज के पास आम जनता को निशुल्क ठंडे पानी का वितरण किया जा रहा है। शीतल जलसेवा केंद्र के संबंध में शोभाराज मल ने बताया, गर्मी में लोगों को शीतल पानी पिलाना पुण्य का कार्य है। इसी भावना से साधक परिवार ने गर्मी की शुरुआत में ही रेलवे स्टेशन में अस्थाई जलसेवा केंद्र शुरू कर दिया। इसी तरह शहर के अन्य स्थानों पर जनसामान्य की सुविधा को ध्यान में रखकर 5 स्थानों पर शीतल जल केंद्र प्रारंभ किए हैं। साधक परिवार की ओर हनुमान मंदिर पंडरी में गुरु प्रसाद सेवा रथ में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसका लाभ आम जनता के साथ साथ गणमान्य नागरिक व पंडरी बाजार के व्यापारियों ने उठाया।

### रोजा-इफ्तार कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी



**रायपुर।** राजधानी के गॉस मेमोरियल ग्राउंड पर गुरुवार को बैजनाथपारा, छोटापारा व मुस्लिम समाज रायपुर की ओर से दावते रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के नामचीन लोगों के साथ राज्यसभा सांसद और मशहूर शायर इमरान प्रतापगढ़ी भी पहुंचे। उनके आगमन पर महापौर एजाज ढेबर ने कार्यकर्ताओं के साथ माना विमानतल पर जोर-शोर से स्वागत किया। विदित हो, गुरुवार को शाम 6 बजे गॉस मेमोरियल ग्राउंड पर आयोजित रोज़ा इफ्तार की दावत में राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे।

### इस्लामी तालीमत से अनजान, समाज में अशांति फैलाना उनका मकसद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कल हुई घटना की मुस्लिम समाज भर्त्सना करता है। सेवानिवृत्त उपपुलिस अधीक्षक शोएब अहमद खान ने कहा कि कोई भी मुस्लिम गैर मुस्लिम लड़कियों को भगाने, शादी करने जैसा काम न करे। उनके इस कृत्य से पूरे समाज की बदनामी होती है। उन्होंने आगे कहा कि हम इसके जिम्मेदार हैं, जो पैदाइशी ईमान वाली मुस्लिम लड़की की जगह गैर मुस्लिम लड़कियों से शादी करना पसंद करते हैं, ऐसी शादी या भगा ले जाने की वजह से समाज में तनाव और नफरत फैलती है। कोई हिंदू लड़की आपके इस्लाम की तबलीग और इस्लाम से मुहब्बत की वजह से नहीं आती, बल्कि दोनों अपनी नफ्सानी ख्वाहिशात के लिए ऐसा करते हैं। थोड़े दिन में फिर ये भ्रम टूटता है तो फिर तरह-तरह के आरोप लगाकर तमाशा खड़ा करते हैं।

### गृहमंत्री शर्मा की कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से की शिकायत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के गृहमंत्री विजय शर्मा के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की। आदर्श आचार संहिता में गृहमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुये नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के निवास स्थान में भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं की भीड़ के साथ बंगले के दरवाजा को तोड़कर घुसने का प्रयास किया गया, वह अत्यंत ही निन्दनीय है। ज्ञापन में कहा गया कि छत्तीसगढ़ की पुलिस प्रदर्शन के दौरान मूकदर्शक खड़ी थी।

# हिट एंड रन मामले में घायलों को अब 50 हजार, मौत पर दो लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हिट एंड रन मामले में गंभीर रूप से घायलों के साथ मृतकों के परिजन को मिलने वाली मुआवाजा राशि में केंद्र सरकार ने बदलाव करते हुए राशि बढ़ा दी है। हिट एंड रन में गंभीर रूप से घायलों को पूर्व में 10 हजार रुपए मिलते थे, जिसे बढ़ाकर 50 हजार रुपए कर दिया गया है। इसी तरह से मृतक के परिजन को 25 हजार रुपए की जगह दो लाख रुपए मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही मुआवजा राशि देने के नियमों में बदलाव किया गया है। प्रभावित के अकाउंट में दो माह के भीतर मुआवजा राशि ट्रांसफर की जाएगी। गौरतलब है देश में हर वर्ष 60 हजार के करीब तथा राज्य में अप्रैल 2022 से 15 मार्च 2023 की स्थिति में दो हजार के करीब हिट एंड रन के मामले सामने आए थे। देश तथा राज्य में जितने हिट एंड रन के मामले सामने आते हैं, उनमें से महज पांच प्रतिशत लोग ही मुआवजा के लिए क्लेम करते हैं। इसकी वजह क्लेम हासिल करने लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। साथ ही क्लेम की राशि पाने सालों लग जाते हैं। इस वजह से प्रभावित मुआवजा राशि क्लेम करने से बचते थे।

## मुआवजा देने के नए नियम देश के साथ राज्य में लागू




- मुआवजा राशि देने के नियमों में सरलीकरण, प्रभावितों के अकाउंट में दो माह के भीतर आएगा पैसा
- गंभीर रूप से घायलों को 10 की जगह 50 हजार तथा मृतक के परिजन को 25 हजार की जगह दो लाख मुआवजा

### मरहम का काम करेगा

हिट एंड रन मामले में मुआवाजा राशि में वृद्धि करने से यह प्रभावितों के लिए मरहम का काम करेगा। साथ ही मुआवजा राशि देने के नियमों में सरलीकरण करने से प्रभावित जो पूर्व में मुआवाजा राशि हासिल करने ध्यान नहीं देते थे, अब मुआवाजा राशि के लिए क्लेम करने सामने आएंगे।

**संजय शर्मा,** एआईजी ट्रैफिक

### इनको मिलेगा क्लेम

हिट एंड रन मामले में वही प्रभावित मुआवजा राशि पाने क्लेम कर सकते हैं, जिनका एक्सीडेंट अज्ञात वाहन से हुआ होगा। चिन्हित वाहन से एक्सीडेंट होने पर वाहन मालिक को प्रभावित को मुआवजा राशि भुगतान करना होगा। हिट एंड रन मामले में प्रभावितों को मुआवजा देने के नए नियम देश के साथ राज्य में लागू हो गया है।

### ऐसे करना होगा क्लेम

हिट एंड रन मामले में मुआवजा राशि भुगतान के लिए नियमों में सरलीकरण किया गया है। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल, मृतक के प्रभावित डिस्ट्रिक्ट कमेटी जिनका अध्यक्ष कलेक्टर है, उनके पास आवेदन करेंगे। कमेटी में पुलिस के साथ परिवहन विभाग के अफसर, जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव शामिल हैं। कमेटी आवेदन की 15 दिनों के भीतर जांच करेगी। जांच पूरी होने के बाद कमेटी रिपोर्ट बीमा काउंसिल के पास भेजेगी। बीमा काउंसिल की पड़ताल के बाद कमेटी प्रभावित को कॉल कर बुलाएंगे। इसके बाद जरूरी दस्तावेज लेने के बाद प्रभावित के अकाउंट में रकम ट्रांसफर की जाएगी।

## सरकार तत्काल ठोस कदम उठाने के लिए बाध्य

# हाईकोर्ट ने कहा- आवारा कुत्तों के काटने से मौत के मामलों में सरकार जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार


छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लेकर दूरदराज के इलाकों तक से आवारा कुत्तों के काटने से मौत की खबरें आती हैं। ऐसे कुछ मामलों में बिलासपुर हाईकोर्ट ने पीड़ित परिवार को साढ़े छह लाख से लेकर दस लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश भी दिया है। ऐसे ही एक मामले की सुनवाई की दौरान हाईकोर्ट ने अब राज्य सरकार की जिम्मेदारी भी तय कर दी है। अदालत के इस आदेश के पालन में छत्तीसगढ़ सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगर निगमों के आयुक्त, सभी नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के सीएमओ के लिए निर्देश जारी किया है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अवर सचिव द्वारा जारी निर्देश में हाईकोर्ट के आदेश के पालन का निर्देश दिया गया है। नगरीय प्रशासन द्वारा जारी आदेश में बिलासपुर हाईकोर्ट द्वारा पारित निर्देश का हवाला दिया गया है। हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश के हेड नोट्स के बिंदु क्रमांक दो में कहा गया है- आवार कुत्तों के काटने के गंभीर परिणामों के संबंध में लोगों को शिक्षित एवं जागरूक करने के लिए एक व्यापक प्रसार अभियान चलाने तथा एंटी रेबीज टीकाकरण कार्यक्रम के संचालन के लिए तत्काल ठोस कदम उठाए जाने के लिए राज्य बाध्य है।

## आवारा कुत्ते का काटना शिकारी वन्य जीव हमले के समान

### अदालत ने हेडनोट्स में यह भी लिखा

बिलासपुर हाईकोर्ट ने इस प्रकरण से संबंधित हेड नोट्स के पहले बिंदु में लिखा है- जब किसी व्यक्ति की मृत्यु आवारा कुत्ते के काटने से रेबीज के संक्रमण के फलस्वरूप होती है तो यह राज्य के कठोर दायित्व अथवा त्रुटि के बिना दायित्व सिद्धांत की परिधि में आएगा। एवं राज्य की नीति के अनुसार प्रतिकर प्रदान करने हेतु इसे शिकारी- वन्य जीवों द्वारा किए गए हमले की परिधि में सम्मिलित किया जाना चाहिए।





### इस मामले की सुनवाई में दिया आदेश

बिलासपुर हाईकोर्ट ने यह आदेश जमुना बाई और लुकेश कुमार रजक विरुद्ध छग. शासन एवं अन्य से संबंधित प्रकरण की सुनवाई के दौरान दिया है। न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार करीब चार साल पहले इन लोगों के परिजनों को आवारा कुत्तों ने काटा था। इसकी वजह से उनके परिजनों की मौत हो गई थी। इस मामले में राज्य सरकार के खिलाफ हाईकोर्ट में केस किया गया था। हाईकोर्ट ने पीड़ित परिवार के लोगों को साढ़े-छह लाख रुपए का मुआवजा दोनों प्रकरणों में देने का आदेश जारी किया था, लेकिन राज्य सरकार ने यह मुअवाजा राशि संबंधितों को अदा नहीं की। इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में अवमानना याचिका सिविल दायर की गई है। इसी याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने आवारा कुत्तों के काटने से होने वाली मौत के मामले में सरकार की जिम्मेदारी तय की है।

### छत्तीसगढ़ में हर माह सैकड़ों मामले

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में आवारा कुत्तों के हमलों के सैकड़ों मामले सामने आते हैं। पिछले साल अप्रैल की स्थिति में रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में पिछले छह महीने में हर दिन तीन की औसत से 500 से ज्यादा मामले पहुंचे हैं। वहीं निजी और सरकारी अस्पतालों के आंकड़े 1500 से ज्यादा हैं, लेकिन इसके बाद भी नगर निगम और स्थानीय प्रशासन इसे लेकर गंभीर नजर नहीं आता। जानकारों के मुताबिक पिछले कई सालों से शहर में कुत्तों की न तो गणना की गई है और न ही वास्तविक आंकड़े इकट्ठे हुए हैं। फिर भी अनुमान के मुताबिक उनकी संख्या 40 हजार से अधिक बताई जा रही है। कुत्तों की संख्या कम करने उनकी नसबंदी कराए जाने की बात कही जाती है, लेकिन कुत्तों की संख्या कम होने की जगह बढ़ती दिख रही है।

## भगवा ध्वज लेकर निकलेंगे युवा

# अयोध्या की तर्ज पर आकर्षण का केंद्र होगी भक्त और भगवान की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- काशी से आए 11 विद्वानों की अगवाई में आज होगी महाआरती



डगनिया में हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में होने वाले धार्मिक आयोजन की तैयारी जोर पकड़ने लगी है। हिंदू सेवा संघ ने इस बार भी दो दिवसीय आयोजन तय किया है। इस वर्ष भी संघ से जुड़े युवाओं ने डगनिया स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में होने वाले आयोजन को खास बनाने की तैयारी की है। इसके लिए काशी के 11 विद्वानों को न्योता दिया गया है। इनकी अगवाई में धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार की शाम 6 बजे भव्य महाआरती से किया जाएगा।

डगनिया क्षेत्र में होने वाले दिव्य धार्मिक आयोजन के बारे में सेवा संघ के हरीश साहू, कोमल यादव, संजय यादव और निलेश यादव ने बताया कि इसमें शामिल होने वाले भक्तों से समिति ने घर से आरती की थाली सजाकर लाने के लिए आग्रह किया है। इसमें सबसे अच्छी आरती की थाली सजाकर पहुंचने वाले श्रद्धालु की हौसला अफजाई करते हुए पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन में हर साल हजारों की तादाद में लोग शामिल होते हैं, इसे देखते हुए हर काम के लिए संघ से जुड़े युवाओं को जिम्मेदारी बांटी गई है। 5 अप्रैल की शाम 6 बजे मां बम्लेश्वरी मंदिर में अयोध्या की तर्ज पर बनवाई गई भांचा राम व भक्त हनुमान की प्रतिमा की दिव्य महाआरती मंत्रोच्चार के साथ की जाएगी।

### आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

भव्य शोभायात्रा में इस बार दुर्ग किंग की धुमाल पार्टी ही नहीं, श्री शिव बाल बजरंग दल द्वारा किया जाने वाला अखाड़ा प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। इनके बीच हजारों लोग भगवा ध्वज लहराते हुए शामिल होंगे। 6 अप्रैल की शाम 6 बजे मां बम्लेश्वरी मंदिर से भांचा राम की प्रतिमा के साथ ही हनुमानजी महाराज की विशाल प्रतिमा भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। हिंदू सेवा संघ के पदाधिकारियों ने इसके लिए व्यवस्थागत तैयारी को अंतिम रूप दिया है। प्रतिमा शुक्रवार को मंदिर परिसर में लाई जाएगी।

### इस रूट से निकलेंगे रामभक्त

आयोजकों ने बताया कि हिंदुत्व शक्ति को जागृत करने और हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में रघुवेंद्र सरकार की दिव्य महाआरती के बाद भव्य शोभायात्रा मंदिर से 6 अप्रैल की शाम 5 बजे निकाली जाएगी। जयघोष करते हुए लोग शिव हनुमान मंदिर, संतोषी माता मंदिर, सिद्ध हनुमान मंदिर सुंदर नगर, जगन्नाथ मंदिर अश्विनी नगर, संकटमोचन हनुमान मंदिर लाखेनगर चौक से रायपुरा स्थित हनुमान मंदिर पहुंचेगी, जहां भक्तिभाव से शोभायात्रा का परंपरा के अनुरूप समापन किया होगा।

## बच्चों को लेकर दूसरे व्यक्ति के साथ हुई फरार

- महिला आयोग में हुई सुनवाई

# सास की शिकायत पर बहू को भेजा नारी निकेतन






हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- महिला को चाल चलन सुधारने दिए निर्देश

अपने दो बच्चों के साथ ससुराल से भाग कर अन्य किसी व्यक्ति के साथ जीवन यापन करने वाली महिला को सास की शिकायत पर दो माह के लिए नारी निकेतन भेजा गया है। इस प्रकरण की शिकायत छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में की गई थी, जिसकी सुनवाई करते हुए आयोग ने बच्चों को पिता को सौंपते हुए महिला को चाल-चलन सुधारने के लिए नारी निकेतन भेजने के निर्देश दिए हैं। महिला आयोग की अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक, सदस्य बालो बघेल व अर्चना उपाध्याय ने गुरुवार को आयोग के रायपुर स्थित कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इनमें एक प्रकरण एक महिला ने अपनी बहू के खिलाफ शिकायत की थी। आवेदिका ने आरोप लगाया था कि उसकी बहू और बेटे के बीच बनती नहीं है, लेकिन दोनों का तलाक नहीं हुआ है। दोनों की दो संतान है एक 5 वर्ष की बेटी एवं 2 वर्ष का बेटा। मई 2023 में दोनों के बीच लिखित में सुलहनामा कराया गया था, लेकिन इसी दिन उसकी बहू दोनों बच्चों को लेकर घर से भाग गई। इसके बाद से पूरा परिवार उसे और बच्चों को तलाश कर रहा था। आवेदिका ने इस संबंध में आयोग में शिकायत की थी। इसके बाद साइबर सेल की मदद से बहू और उसके बच्चों को ढूंढ निकाला। बेटी ने आयोग को पूछताछ में बताया, उसकी मां दोनों को एक व्यक्ति के साथ लेकर भागी थी। इसके बाद दोनों बच्चे अपनी मां के साथ उस व्यक्ति के साथ रहते हैं।

### दोनों बच्चों को उसके पिता को सौंपा

बेटी ने यह भी बताया कि वह और उसका भाई स्कूल नहीं जाते, क्योंकि उसकी मां ने दोनों को स्कूल में भर्ती ही नहीं कराया। आयोग ने बेटी के बयान को सुनने के बाद माना कि बच्चों की मां का चाल-चलन ठीक नहीं है। इसके कारण उसके बच्चों का भविष्य भी बर्बाद हो सकता है। आयोग ने अनावेदिका के गलत चाल-चलन को सुधारने के लिए उसे 2 माह के लिए नारी निकेतन भेजने के निर्देश दिए, वहीं दोनों बच्चों को उसके पिता को सौंपा गया, ताकि वह अपने बच्चों की शिक्षा-दीक्षा कर सके।

- स्मार्ट सिटी के 24 घंटे जल आपूर्ति प्रोजेक्ट का पूछा हाल
- जोनवाइज पेयजल आपूर्ति की समीक्षा

# पानी की समस्या दूर करने शहर में 4 जगहों पर बोरवेल खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के पांच अलग-अलग इलाकों में पानी की समस्या दूर करने नगर निगम जल्द बोरवेल खनन करवायेगा। निगम से अनुबंधित ठेकेदार से लभांडी के आदर्श संकल्प सोसाइटी फेज 2, संत रामदास वार्ड के रामनगर क्षेत्र, नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के खम्हारडीह इलाका और जोन 6 क्षेत्र के कुकरीपारा में बोरवेल खनन कराया जायेगा।

गर्मी के सीजन में पेयजल संकट प्रभावित इलाकों में लोगों की मांग वार्ड पार्षदों की अनुंशसा पर नगर निगम के जल विभाग की 4 जगहों पर बोरवेल खनन कराने की तैयारी है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा द्वारा गुरुवार को गांधी सदन के सभागार में 10 जोन के अधिकारियों की बैठक बुलाई। इसमें यह बात चर्चा के दौरान सामने आई। बैठक में प्रमुख रूप से गर्मी में पेयजल व्यवस्था की वर्तमान स्थिति, आपात स्थिति में जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में पानी टैंकर की वैकल्पिक व्यवस्था पर चर्चा हुई। पेयजल को लेकर जोनवार समीक्षा बैठक में संबंधित वार्डों में पानी की मांग और आपूर्ति की वर्तमान स्थिति पर मंत्रणा की गई। साथ ही जल विभाग द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में बोरवेल के पानी सैंपल जांच से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा भी की। सूत्रों के मुताबिक शहर के 4 इलाकों में नये बोरवेल खनन कराने संबंधी निर्देश दिये।जिन क्षेत्रों में बोरवेल खनन कराया जाना है, उनमें विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी क्षेत्र स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आदर्श संकल्प सोसाइटी फेज 2 में चिन्हांकित स्थल शामिल है। इसके अलावा जोन 7 के रामनगर क्षेत्र, कुकरीपारा, खम्हारडीह और सिमरन सिटी में जल्द बोरवेल खनन कराया जायेगा।

बैठक में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, अपर आयुक्त विनोद पांडे, सभी जोन के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता और जल कार्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गांधी सदन में निगम आयुक्त ने ली जोन अधिकारियों की बैठक

### 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति कब?

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने समीक्षा बैठक में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के 24 वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी से पूछा कि 15 वार्डों में 24 घंटे पानी कब तक मिल पायेगा? मोतीबाग और गंज पानी टंकी से कमांड एरिया में पाइप लाइन बिछाने और इंटर कनेक्शन कर वाटर मीटर लगाने संबंधी कार्य की जानकारी ली।



*पानी सैंपल की जांच पर चर्चा : नगर निगम के जल विभाग द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में सार्वजनिक बोरवेल और पावरपंप के पानी सैंपल की जांच के बाद की स्थिति की जानकारी उन्होंने संबंधित अधिकारी से ली। दूषित पेयजल स्त्रोत के ट्रीटमेंट और संबंधित एरिया में साफ पानी की वैकल्पिक व्यवस्था के संबंध में जोनवार जानकारी मांगी।*

### नलों से पानी का प्रेशर कम की शिकायत

बैठक के दौरान अमृत मिशन के तहत बिछाये गये पाइप लाइन और इंटर कनेक्शन के बाद शहर के कुछ इलाकों में नलों से पानी का प्रेशर कम आने की शिकायत पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड के साथ पुरानी बस्ती और ब्राम्हणपारा की बस्तियों में निगम के नलों से लो प्रेशर के कारण पर्याप्त पानी नहीं मिलने की शिकायत मिली थी। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों से कहा कि जिन इलाकों में अमृत मिशन के तहत पाइप लाइन टेस्टिंग नहीं हो पाई है, वहां जल्द पाइप लाइन टेस्टिंग कर इंटर कनेक्शन का बकाया का काम पूरा किया जाये।

# बिगड़े मौसम से एक लाख हेक्टेयर रकबा से ज्यादा फसल चौपट, बटेंगे 160 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य में मार्च महीने में आंधी के साथ बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से दो लाख से अधिक किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। फसल बीमा पोर्टल में किसानों ने फसल क्षति का मुआवजा के लिए आवेदन किया गया है। इन आवेदनों के बाद राज्य के सभी जिलों में शासन ने आरआई, पटवारी और बैंकों के माध्यम से सर्वे कराकर नुकसान का आंकलन कर लिया गया है। इस आंकलन के बाद प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि देने के लिए प्रस्ताव भी तैयार कर लिया गया है, जिसे स्वीकृति के लिए वित्त विभाग को भेजा गया है।

**जन-पशु हानि व मकान क्षतिग्रस्त प्रभावितों को भी मिलेगी सहायता**



**राशि:** फसलों के नुकसान के आंकलन के साथ कहीं-कहीं आंधी-ओलावृष्टि एवं बारिश से जन एवं पशु हानि भी होने की खबर है। इसके अलावा कहीं-कहीं मकानों को भी नुकसान पहुंचा है। इसके लिए भी शासन ने आर्थिक सहायता राशि देने के लिए प्रस्ताव बनाया है। बताया जा रहा है कि इसके लिए लगभग 44 लाख रुपए का प्रस्ताव बनाया गया है। यह प्रस्ताव भी स्वीकृति के लिए वित्त विभाग को भेजा गया है।

### प्रस्ताव तैयार कर वित्त विभाग को भेजा गया

*बेमौसम बारिश-औलावृष्टि एवं आंधी से राज्य में फसलों को नुकसान का सर्वे हो चुका है। प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि देने का आंकलन कर एस्टीमेट तैयार कर वित्त विभाग को मंजूरी के लिए भेजा गया है।*

*-टंकराम वर्मा, राजस्व मंत्री*

**चुनाव के बाद बंट पाएगा मुआवजा एवं सहायता राशि:** शासन स्तर पर फसलों के नुकसान और आर्थिक सहायता राशि बांटने के लिए जरूर प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा है, लेकिन इसे अनुमति अब लोकसभा चुनाव के बाद ही मिल पाएगी, क्योंकि चालू वित्तीय वर्ष के बजट में राशि का प्रावधान नहीं होने की स्थिति में नए वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में राशि का प्रावधान करना पड़ेगा।

### 160 करोड़ रुपए का अनुमानित मुआवजा

बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से प्रदेश में सबसे ज्यादा फसलों को नुकसान मुंगेली, धमतरी, बेमेतरा, कबीरधाम, दुर्ग व खैरागढ़-गंडई जिले में हुआ है। इसके अलावा अन्य कई जिलों में भी फसलों को नुकसान पहुंचा है। प्राकृतिक आपदा से फसलों को पहुंचे नुकसान का सभी जिलों में सर्वे कराया गया है। इसके तहत एक लाख हेक्टेयर रकबे से ज्यादा फसल खराब हुई है। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार प्रभावित किसानों को 160 करोड़ से अधिक मुआवजा राशि बांटा जाना है। इस राशि का प्रस्ताव तैयार कर वित्त विभाग को भेजा गया है।

# वाणी राव सहित पांच सौ ने थामा भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जगदीश रामू रोहरा, सरला कोसरिया की उपस्थिति में बिलासपुर की पूर्व महापौर वाणी राव, राम नामी संप्रदाय की प्रमुख सदस्य, कांग्रेस पार्टी, जनता कांग्रेस, छत्तीसगढ़ के प्रमुख फिल्मी व लोक कलाकार सहित 500 से अधिक लोगों ने भाजपा में प्रवेश किया।

रामनामी समाज से मणिराव, फिल्म स्टार मनमोहन सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सिंगर शिवा जांगड़े, सतनाम भजन सम्राट द्वारिका बर्मन, सिंगर लक्ष्मी नारायण पांडे, नीलकमल वैष्णव, डॉ.मनोज कुमार आडिल, योगेश्वरानंद नेताम प्रदेश अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस महासंघ के नेतृत्व में, एसएल पूड़ो, जैनेंद्र साहू, राजू सोनी, हरगोविंद देवांगन, डॉ. अनामिका पाल प्रदेश अध्यक्ष महिला जनता कांग्रेस के नेतृत्व में डॉ. अमीन खान, संतोषी रात्रि, घनश्याम प्रधान, ऋतुराज शर्मा, राजा चौबे, श्याम पटेल, सुहानी पटेल, रवि पांडे सहित बहुत बड़ी संख्या में कांग्रेस, जनता कांग्रेस, फार्मेसी क्षेत्र के लोग और फिल्म उद्योग से जुड़े हुए लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली।

## खबर संक्षेप

### महंत बंगले में प्रदर्शन अज्ञात भाजपाईयों पर केस

**रायपुर।** नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत के बंगले के सामने प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। सिविल लाइंस पुलिस ने गुरुवार को अज्ञात भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत के बंगले के सामने प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आचार संहिता में बिना अनुमति छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के बंगले के सामने प्रदर्शन करने वाले अज्ञात भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ सिविल लाइंस पुलिस ने केस दर्ज किया है। नायब तहसीलदार प्रवीण परमार की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस मामले को लेकर कांग्रेस ने चुनाव आयोग में शिकायत की थी।

### वाहन नंबर का दुरुपयोग करने की शिकायत

**रायपुर।** टिकरापारा थाना में एक व्यक्ति ने अपने वाहन नंबर का किसी दूसरे अज्ञात व्यक्ति द्वारा उपयोग करने की शिकायत दर्ज कराई है। आपकी अपनी पार्टी (पीपल्स) के प्रदेश अध्यक्ष राजेश मुखर्जी ने अपने दोपहिया वाहन के नंबर दुरुपयोग करने की शिकायत दर्ज कराई है। राजेश ने पुलिस में लिखित में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा है कि उनकी बाइक सीजी-04 डीएन 8360 नंबर का कोई अन्य व्यक्ति अपने वाहन चस्पा कर चल रहा है। इस तरह से उक्त व्यक्ति उसके वाहन नंबर का गलत फायदा उठाते हुए कोई आपराधिक कृत्य कर सकता है।

### आईजी ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के पुलिस अफसरों संग की बैठक



**रायपुर।** रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने गुरुवार को नक्सल प्रभावित क्षेत्र गरियाबंद, धमतरी के पुलिस अफसरों के अलावा सीआरपीएफ के अफसरों के साथ बैठक की। बैठक का उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने, सुरक्षा उपाय के समीक्षा करना था। बैठक में चुनाव में व्यवधान उत्पन्न करने वाले तत्वों के खिलाफ आईजी ने कार्रवाई में तेजी लाने निर्देश दिए। साथ ही यूएपीए के तहत लंबित प्रकरणों की समीक्षा करने तथा न्यायालय में लंबित प्रकरणों की सुनवाई एवं प्रगति के संबंध में चर्चा की गई।

### पतेरापाली में अखंड रामायण समारोह आज से

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय महासमुंद से 3 किमी दूर ग्राम पतेरापाली में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से अखंड एक दिवसीय रामायण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 6 अप्रैल शनिवार को प्रातः 10 बजे होगा। समापन 7 अप्रैल रविवार को शाम 7 बजे होगा। उक्ताशय की जानकारी घनश्याम चंद्राकर व लोकेश चंद्राकर ने दी है।

### विभिन्न समुदायों के साथ रोजा इफ्तार पार्टी



**रायपुर।** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद रायपुर यूनिट द्वारा बैरन बाजार स्थित अल-फलाह टॉवर में समाज में आपसी भाईचारा और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए विभिन्न समुदायों के साथ रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सर्व आस्था मंच के मनमोहन सिंह सैलानी, प्रेमशंकर गौटिया, ऑल मुस्लिम वेलफेयर के संरक्षक फैसल रिजवी, दलेर सिंह, फादर सेबेस्टियन, हरीश जोशी, भूपेंदर सिंह, हरिंदर सिंह, प्रवीण जाधव, गोपी रक्सैल और शहर के नागरिक शामिल हुए। संस्था के शहर अध्यक्ष उबैद खान ने सभी का स्वागत किया और बताया कि रमजान महीने में रोजे रखने का मकसद लोगों में ईश्वर का भय पैदा होना, झूठ से बचना और नफ्स काबू में रखना है। प्रदेश अध्यक्ष शफीक साहब ने संस्था द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसी प्रकार प्रेमशंकर गौटिया, सर्व आस्था मंच के मनमोहन सिंह सैलानी ने संबोधित किया।

# कनकबीरा, गोबरसिंघा और सुखापाली में हुआ दिव्यांग सियान मतदाता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवा

लोक सभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर मतदाता जागरूकता स्वीप नोडल अधिकारी एवं परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में सियान–दिव्यांग मतदाता जागरूकता चलाया जा रहा है।

समाज कल्याण विभाग अधिकारी विनय तिवारी एवं सीईओ जनपद पंचायत बरमकेला प्रज्ञा यादव के नेतृत्व में बरमकेला जनपद के ग्राम पंचायत गोबरसिंघा और सुखापाली में वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए स्वीप–मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

इन कार्यक्रमों के सफल आयोजन में जनपद पंचायत के समाज शिक्षा संगठक सुरेश राठिया, ब्लॉक समन्वयक एनआरएलएम संदीप तंबोली, चिकित्सा अधिकारी पीएचसी कनकबीरा, पंचायत सचिव कनकबीरा, सारंगढ़ और बरमकेला क्षेत्र कनकबीरा, सालर, गोबरसिंघा, सुखापाली आदि के बिहान समूह की महिला सदस्य एवं पेंशन तकनीकी सहायक आनंद रात्रे, अनिल कुर्रे, पेंशन तकनीकी सहायक जय महंत की विशेष सहभागिता रही।




**शत प्रतिशत मतदान के लिए दिलाया शपथ संकल्प**

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजन और दिव्यांग मतदाताओं का तिलक लगाकर तथा श्रीफल भेंटकर आत्मिक सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं द्वारा 7 मई भूल न जाना, मतदाता का फर्ज निभाना और लोकतंत्र में भागीदारी, मतदान हमारी जिम्मेदारी नारा का उदघोष किया गया। इस कार्यक्रम में सहभागी समस्त वृद्धजन, दिव्यांगजन, अधिकारी, कर्मचारी सहित उपस्थित ग्रामवासियों को आगामी निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ संकल्प दिलाई गई।

### कनकबीरा में दिव्यांग सियान मतदाताओं ने बनाई स्वीप मानव श्रृंखला

समाज कल्याण विभाग अधिकारी विनय तिवारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगढ़ संजू पटेल के नेतृत्व में सारंगढ़ जनपद के ग्राम पंचायत कनकबीरा में सियान और दिव्यांग मतदाता के लिए स्वीप मानव श्रृंखला बना कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन सभी कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजन और दिव्यांग मतदाताओं का सम्मान किया गया। उपस्थित मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए जा रहे सुविधाओं जैसे दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओ के लिए विशेष रुप से मतदान केंद्र में रैंप, व्हीलचेयर, पेयजल, छाया, शौचालय आदि के बारे में जानकारी दिया गया।

## तृतीय लिंग के मतदाताओं ने सेल्फी लेकर शत प्रतिशत मतदान करने लोगों को किया जागरूक

# मतदान करना हमारा अधिकार और कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

मतदान जागरूकता के लिए शहर से लेकर गांव तक सघन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें नागरिकों की जनसहभागिता व्यापक तौर पर रही है। लोकतंत्र के इस उत्सव में शामिल होने एवं मतदान करने का संदेश दिया गया। इसके तहत आज भाटापारा नगर में तृतीय लिंग मतदाताओं ने सेल्फी लेकर शत-प्रतिशत मतदान के लिए आम लोगों को जागरूक किया। साथ ही रंगोली, भाषण, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जिले में शत प्रतिशत मतदान हेतु आमजनों को संदेश दिए।

इस अवसर पर तृतीय लिंग के मतदाता एवं फर्स्ट टाइम युवा वोटरों का सम्मान भी किया गया। तृतीय लिंग एवं बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए कलेक्टर केएल चौहान कार्यक्रम शामिल हुए। संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मतदान करना न केवल हमारा अधिकार है बल्कि हमारा कर्तव्य भी है। आप सभी अपने घरों प्रत्येक सदस्यों को मतदान करने के लिए अवश्य बोले। भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जिसमें जनता द्वारा ही जनप्रतिनिधियों का चुनाव होता है। जिससे हमारी देश की दशा और दिशा दोनों तय होती है। अतः इस लोकतंत्र के महापर्व में हमें अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए।





### पोस्ट कार्ड, रंगोली, मेहंदी, पेंटिंग कार्यक्रम हुए

इस दौरान कलेक्टर ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ भी दिलाई। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इसके साथ ही नोडल अधिकारी स्वीप एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वीप अंतर्गत जिले में शहरों से लेकर गांवों तक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत पोस्ट कार्ड, रंगोली, मेहंदी, पेंटिंग एवं अन्य कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई जा रही है। जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदान तिथि 7 मई को शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, ग्रामीण, विद्यार्थी, श्रमिक एवं आम नागरिक शामिल हो रहे हैं।

### सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो

आज हुए रंगोली प्रतियोगिता रंगोली में सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, मतदान ही नागरिक की पहचान, चलो मतदान करें, वोट देना हमारा अधिकार, आओ मतदान करें, मेरा वोट मेरा भविष्य, छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान, चलो दीदी-भाई करे मतदान, लोकतंत्र की विनती है हर एक वोट कीमती है का संदेश दिया गया। इस मौके पर स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, भाटापारा एसडीएम नितिन तिवारी, उप संचालक समाज कल्याण अरविंद गेडाम, जनपद पंचायत सीईओ, स्थानीय मीडिया कर्मी सहित बड़ी संख्या में पंचायत विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## अहंकार ही विनाश का कारण बनता है



**बगबुड़ा।** ग्राम में यादव परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथाकार ने बताया कि स्वर्ग के राजा देवराज इंद्र को अपने सिंहासन पर गर्व और अहंकार होने लगा था और लोगों को बलपूर्वक पूजा अर्चना करने का दबाव डाला जाता था जिसकी अहंकार को दूर करने के उद्देश्य श्री कृष्ण भगवान ने मथुरा वासियों को कृष्ण के बजाय गायों के रक्षा करने वाले गोवर्धन पर्वत की पूजा करने का आह्वान किया। जिस पर मथुरा वासियों द्वारा इंद्र की पूजा करने के बजाय गोवर्धन की पूजा करने लगे, जिस पर स्वर्ग के राजा देवराज इंद्र द्वारा क्रोधित होकर मथुरा वासियों को जन्म मग्न करने के उद्देश्य से लगातार सात दिवस तक घनघोर वर्षा किया, जिसे वर्षा की प्रकोप के विनाश को बचाने के लिए भगवान कृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली में धारण कर मथुरा वासियों का रक्षा किया और देवराज इंद्र के अहंकार को दूर किया। छठवें दिवस की कथा श्रवण में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, विजय यादव, मंडल अध्यक्ष पवन कुमार साहू, गोविंद हरीश साहू, रामलाल कुर्रे, शिव वर्मा, सुनील डोंगरे, पूर्व अध्यक्ष दुर्गा पटेल, गिरधारी वर्मा, अनुपम बाजपेई, योगेश वर्मा, अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत बलौदा बाजार भैरव देवांगन, पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा, अग्नि कुमार निर्मलकर, शत्रुहान लाल यादव, गिरधारी लाल वर्मा, नरेश कुमार साहू, महाशिव यादव सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु कथा में शामिल हुए।

# डॉ. डहरिया का हुआ जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

जांजगीर–चांपा लोकसभा के सांसद प्रत्याशी डॉ. शिवकुमार डहरिया शुक्रवार को चंद्रपुर प्रवास के दौरान सरसीवा पहुंचे, जहां उनका कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। सरसीवा के अस्पताल परिसर स्थित बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण कर नमन किया, इसके पश्चात कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात कर सभी से रूबरू हुए। इसके बाद वे चंद्रपुर के लिए रवाना हुए। ज्ञात हो कि श्री डहरिया शुक्रवार को विधानसभा चंद्रपुर, डभरा एवं मालखरौदा में ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत किए। सरसीवा में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी गोपाल पांडेय, विधायक प्रतिनिधि प्राण लहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष नीतीश बंजारे, ब्लॉक अध्यक्ष लव साहू, आकाश पांडे, उग्रेष दुबे, गोलू ठाकुर, संजय साहू, प्रदेश सचिव रामशंकर साहू आदि अनेक लोगों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।



# बूथ विजय संकल्प अभियान में शामिल हुए मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

भाजपा के आह्वान पर चलाए जा रहे बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सुहेला मंडल के ग्राम कुथरौद, सकलोर, परसवानी, तिल्दाबांधा, रावन, रवेली, पड़कीडीह में आयोजित बूथ स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान जनसंपर्क कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा जनता ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया और भाजपा की सरकार बनते ही विष्णु देव की सरकार ने सभी गारंटी को पूरा किया। चाहे वह 2 साल का बकाया बोनस हो, 18 लाख प्रधानमंत्री आवास हो, किसानों को धान की 3100 कीमत हो या फिर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन के तहत प्रत्येक माह 1000 रूपये देने की बात हो। अब दूसरी किस्त की राशि माताओं के खाते में आने से माताएं खुश है। यह पहली सरकार है, जिन्होंने महिलाओं के बारे में सोचा है, किसानों के बारे में सोचा है। आज हर व्यक्ति का मोदीजी पर भरोसा है। मोदीजी की सरकार ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर देश के धर्म की रक्षा करते हुए हम सब का मन बढ़ाया है। धारा 370 तीन तलाक जैसे मुद्दे को सुलझाया है। हर घर नल-जल योजना को पूरे देश में लागू किया है। आज जनता मोदीजी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने आतुर है। हमें भी इस यज्ञ में अपनी आहुति देनी है। हमें सभी से संपर्क कर बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में वोट मांगना है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव कटरिया, महामंत्री हेमंत बघमार, धनीराम साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष करन वर्मा, युगल किशोर वर्मा, दिनेश चवरे, कीर्ति वर्मा, अनुपम अग्रवाल, कोपराम वर्मा, गंगोत्री, अनिल यदु, माधुरी, संतराम वर्मा, जसपाल रात्रे, भागीरथी वर्मा, त्रिलोचन वर्मा, टाकेश्वर वर्मा, थानेश्वर बघमार सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



# कल से फिर बारिश के आसार 4 से 5 डिग्री गिरेगा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भीषण गर्मी से तप रहे प्रदेश को कल से थोड़ी राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में 6 अप्रैल से बदली-बारिश की संभावना है। इस दौरान बारिश का मुख्य क्षेत्र मध्य तथा दक्षिण छत्तीसगढ़ रहेगा। बारिश के प्रभाव से तापमान में 4 से 5 डिग्री तक की कमी आएगी। मौसम साफ होते ही 9 अप्रैल से तापमान में दोबारा वृद्धि प्रारंभ हो जाएगी। बारिश की यह स्थिति उत्तर-पश्चिम से आ रही द्रोणिका के कारण निर्मित हो रही है। यह द्रोणिका शनिवार को प्रदेश में प्रवेश कर जाएगी, जिसके चलते फिर से बारिश होगी। इसके पूर्व शुक्रवार को प्रदेश में पश्चिमी हवा का प्रभाव बना रहेगा और मौसम मुख्यतः शुष्क ही रहेगा। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना आज नहीं है। गुरुवार को प्रदेश में सर्वाधिक गर्म डोंगरगढ़ रहा। यहां तापमान 42.4 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे कम 19.8 डिग्री तापमान अंबिकापुर और बलरामपुर में दर्ज हुआ। रायपुर का अधिकतम तापमान 41 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 26.9 डिग्री रहा। दोनों ही सामान्य से 3 डिग्री अधिक है।

## पिकरीडीह में न्योता भोज ...



**बंगोली।** ग्राम पिकरीडीह में शुक्रवार को शासकीय प्राथमिक शाला के कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को न्योता भोज कराया गया। यह न्योता भोज सुरेश धीवर, सावित्री धीवर की शादी की वर्षगांठ पर कराया गया। न्योता भोज में केला, जलेबी, अंगूर, चावल, दाल, सब्जी परोसा गया। ग्राम पंचायत पिकरीडीह के सरपंच दाऊ भागवत सिंह धीवर तथा सुरेश धीवर ने यह शुभ कार्य किया। मौके पर उपस्थित दाऊ भागवत सिंह धीवर, संस्था के प्रधानपाठक संतोष शर्मा, सुरेश धीवर गौठान अध्यक्ष, जगदेव कंडरा ग्राम रोजगार सहायक, सावित्री धीवर पंच, मध्यान्ह भोजन महिला शारदा खुटे, कुंती धीवर, केशरी धीवर आदि उपस्थित थे।

# करोड़ों की लागत से निर्मित गोठान हो रहे हैं बेकार, खंडहर में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिछली सरकार के कार्यकाल में 20 जुलाई 2020 को शुरूआत किए गए गोधन न्याय योजना के तहत जिलें मे करोड़ों की लागत से गौठानों का निर्माण विभिन्न गांवों में किया गया था। ये गोठान अब बदहाली की स्थिति में हैं। गोठानों में न तो मवेशियों के लिए चारे की व्यवस्था है न ही पानी की। पशु सड़कों पर नजर आते है। रात मेंये मवेशी दुर्घटना का कारण भी बन रहे हैं। जिले मे लगभग 457 गौठानों का निर्माण किया गया था जिसमें करोड़ों के बजट लगा। सरकार बदलने के बाद अब ये गोठान खंडहर मे तब्दील होते जा रहे हैं। इनमें लगाए गए शेड टूट फूट गए हैं।



### गोठान में न पशु, न चारा-पानी

गांव में बने गौठानो में मवेशियों के लिए न तो चारा की व्यवस्था है और न ही पानी। इसके चलते ये सड़कों पर घूमते दिखते हैं। इसके चलते मवेशियों की मौत तो सड़क दुर्घटना में हो रही है।

## पेज 07 के शेष

### फूड पाइजनिंग के ...

मरीज को ग्राम में कैंप लगाकर प्राथमिक उपचार किया गया है। वहां स्वास्थ्य टीम घर-घर भ्रमण कर लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं सभी मरीज स्वस्थ है और स्थिति सामान्य बनी हुई है।मरीजों के द्वारा बताया गया की ग्राम रानीगढ़ में कार्यक्रम मे शामिल हुए लोगों ने खाना खाया था, जिसके बाद से ही उलटी दस्त की समस्या होने लगी। उसके बाद नजदीक के स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता को फोन के माध्यम से सूचित किया गया।

### गाथा श्रीराम मंदिर...

उक्त कार्यक्रम में राकेश तिवारी, आशिष जायसवाल, राजा कामनानी, शेखर ठाकुर, आनंद यादव, सुनील यदु, सतीश साहू, विनय ठाकुर, रविन्द्र शर्मा, अंकित बाजपेयी, गगन तिवारी, दीपक सिंह, गौरव तिवारी, परस साहू, मृदुल मुंधड़ा, अभिषेक मिश्रा, कान्हा मिश्रा, पीताम्बर साहू, सुनील ठाकुर, सुरेश यदु, अविनाश शर्मा, पीयूष साहू, सुरेंद्र डागोर, योगेश अनन्त, पत्रकार संतोष अग्रवाल, राजेश शर्मा, शंकर सोनी, श्यामू पुरोहित, ललित तिवारी, प्रशांत वर्मा, भुपेश दीवान, राजीव तिवारी, विनोद शर्मा, मुकेश शर्मा सहित नगर के गणमान्यजन, युवा पीढ़ी, महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### फसल क्षति का...

होने पर मुआवजा देने का प्रावधान तहसीलदार सरिया शनि पैकरा द्वारा बताया गया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार, पटवारी, किसान आदि उपस्थित थे।

# कार्यकर्ताओं से रुबरु हुए प्रत्याशी अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

धरसींवा विधानसभा के अन्तर्गत खरोरा मण्डल में कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के साथ विधायक अनुज शर्मा पहुंचे। इस दौरान मोटर साइकिल रैली निकाली गई। बैठक में विधायक ने कहा

भाजपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक वोट से जीत दर्ज कराये। वैसे ही मोहन भइया को भी हर बूथ से 370 वोट और अधिक वोटो से जीत दर्ज करायेंगे। बृजमोहन अग्रवाल ने सभी कार्यकर्ताओं से मिले। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा प्रत्येक कार्यकर्ता घर-घर जाकर केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताये। इस अवसर पर गांव के वरिष्ठजनों से मुलाकात कर आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी के पक्ष में समर्थन मांगा। मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव में खरोरा मंडल से विधानसभा की अपेक्षा तीन गुना वोटों से विजय दिलाएंगे। इस मौके पर पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, लोकसभा संयोजक अशोक बजाज, जिला प्रभारी अशोक पांडे, जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब टिकरीहा, डोगेंद नायक, मण्डल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, राजीव अग्रवाल, वेद राम मनहरे, नवीन अग्रवाल राजेन्द्र वर्मा, अरविंद ठाकुर,निलाम्बूज चंद्राकार, रोशन चंद्राकार, पूनाराम वर्मा, रमेश बघेल, नकूल वर्मा, अनील सोनी, शिवसंकर वर्मा, दुलेश साहू, घनश्याम चंद्राकार, सुनील नायक, दीपक धनकर, सुमित सेन, तेजपाल, राजेन्द्र खुंटे,गिरीश वर्मा, आयुष वर्मा,सुजीत सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### भड़हा में भागवत कथा जारी

**खरोरा।** ग्राम भड़हा में नारी शक्ति महिला समिति एवं समस्त ग्रामीणों द्वारा आयोजित शिवमहापुराण के पंचम दिवस में अंचल के कथावाचक पं. पंडित राजेश मिश्रा ने शिवपुराण में रूद्राक्ष महिमा का वर्णन किया। अंधकासुर का जन्म व कर्म, पशुपतिनाथ व्रत एवं विश्वरूप की प्यारी बिटिया के साथ गणेशजी का विवाह की कथा प्रस्तुत की। इस कार्यकम का आनंद लेने आसपास के ग्रामीण आ रहे हैं। गांव में उत्सव जैसा वातावरण बना हुआ है। शिव महापुराण कथा का आयोजन नारी शक्ति महिला समिति एवं समस्त ग्रामवासी भड़हा द्वारा किया जा रहा है। कथा दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक और प्रतिदिन रुद्र अभिषेक से प्रातः 9 बजे से किया जाता है।

### खरोरा में मनाई गई माता कर्मा की जयंती



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भक्ति सेवा त्याग और समर्पण की प्रतिमा मां कर्मा देवी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मां कर्मा देवी की पूजा अर्चना की गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, जया चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि मां कर्मा देवी जगन्नाथपुरी में समुद्र के किनारे ही रहकर बहुत समय तक अपने आराध्य बालकृष्ण को खिचड़ी का भोग अपने हाथों से खिलाती रही और उनकी बाल लीलाओं का आनंद साक्षात मां यशोदा की तरह लेती रही।

### पांच घंटे की अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन



**महासमुंद।** ग्राम ढोड़ में 4 अप्रैल को अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ किया गया। यह लीला पेशराम पटेल सहयोग से हुआ। कार्यक्रम में रंजीत चंद्राकर ने कहा कि नशामुक्त, मांसाहारमुक्त एवं चरित्रवान समाज निर्माण के लक्ष्य को लेकर पांच घंटे की अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ किया गया। जिसमें रंजित चंद्राकर, हीरा बाई चंद्राकर, तनु निर्मलकर, राधे निर्मलकर, परशुराम यादव, दिलीप सेन, आत्माराम, लीला पटेल, पेशराम पटेल, अनुसुईया, गोवर्धन, मोहरमति, सुकतिन, बिमला, तुकाराम, खुशबू, अंजली, तेजमती, अशोक, यशोदा, शिक्षक घनश्याम पटेल आदि मौजूद रहे।

### आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश सचिव बने खेमराज



**महासमुंद।** छग प्रदेश आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष जनक ध्रुव ने आदिवासी नेता खेमराज ध्रुव को प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ में आदिवासी कांग्रेस प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव बनाया है।

### आप कार्यकर्ता करेंगे एक दिवसीय उपवास

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा ईडी एवं अन्य संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर पूरे योजनाबद्ध तरीके से विपक्षी पार्टी के नेताओं को जानबूझकर झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है।







# कर्मा जयंती पर साहू समाज ने निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

साहू समाज की आराध्य देवी संत कर्मा माता जयंती शुक्रवार को नगर साहू संघ कसडोल के साथ साथ पूरे देशभर में धूम धाम से मनाई गई। इस अवसर पर कसडोल नगर साहू संघ द्वारा साहू भवन से शोभायात्रा के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में साहू समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सर्वसमाज के लोग मौजूद थे।

विदित हो कि छत्तीसगढ़ में जनसंख्या के माफ दंड से कसडोल विधानसभा सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र है, वहीं कसडोल नगर साहू समाज के अध्यक्ष गुनीराम साहू ने बताया कसडोल नगर में साहू समाज 70 प्रतिशत से भी ज्यादा जनसंख्या है और मां कर्मा साहू समाज की इष्ट देवी है, जो प्रभु कृष्ण की ऐसे भक्तों में से थी जिसे प्रभु श्रीकृष्ण ने साक्षात दर्शन दिया था। जानकारों का कहना है, कसडोल नगर साहू समाज के सचिव गोपाल साहू ने मीडिया से चर्चा करते कहा न सिर्फ कसडोल नगर नहीं, बल्कि देशभर में आज कर्मा जयंती मनाई जा रही है। वहीं साहू समाज के नगर अध्यक्ष गुनीराम जब से साहू समाज का बागडोर संभाली है समाज को शिखर की ओर ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। बात करे मां कर्मा की मंदिर का तो समाज के बहुत से लोग अथक प्रयास किए लेकिन समाज का बागडोर लेते ही मां कर्मा की मंदिर बनवाया और भव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करवायी।

शोभायात्रा के दौरान साहू समाज कसडोल के नगर अध्यक्ष गुनी राम साहू, सचिव गोपाल प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष बगस राम, बाबू लाल निर्मला देवी साहू, वार्ड अध्यक्ष शिव कुमार, तुमनाथ, गिरीश कुमार, गंगा प्रसाद, सुरेश कुमार, रमेश, नीलकंठ, नीरेंद्र, पिंटू साहू, विजय कुमार साहू, शशी साहू, प्रमिला साहू, छेड़ीन बाई, भूरी बाई, मीना देवी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बाई साहू, साहेब लाल साहू, देवेन्द्र साहू, जय कुमार साहू, भानु प्रताप साहू, आमंत्रित सदस्य घनश्याम प्रसाद साहू, राधेश्याम साहू, राज सोनी सहित कसडोल नगर के हजारों महिलाएं-पुरुष कलश यात्रा में शामिल हुए।



### भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया

सर्वप्रथम साहू भवन में माता कर्मा की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद साहू भवन से शोभायात्रा को पूरे नगर में भ्रमण किया गया। इसके बाद संत कर्मा माता चौक में स्थापित माता कर्मा के मूर्ति पर मूल्य माला अर्पण का पूजा की गई। फिर भक्तों को प्रसादी वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रभु श्री कृष्ण की चर्चा हो और माता कर्मा का नाम न आए शायद ऐसा कभी न होगा। मां कर्मा प्रभु श्री कृष्ण के अनन्य भक्तों में से प्रमुख थी। शुक्रवार को मां कर्मा की जयंती कसडोल नगर साहू समाज द्वारा बड़े ही जोश और उत्साह के साथ मनाई गई।

## कोई भी कार्य श्रद्धा और लगन से करने पर मिलती है सफलता

**गिरसानाला।** जिला साहू संघ सारंगढ़-बिलाईगढ़ द्वारा बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम पेंड्रावन में जिला स्तरीय मां कर्मा की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले गांव में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें आस पास गांव के साहू समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इसके बाद कार्यक्रम की शुरुवात मां कर्मा की छाया चित्र की पूजा और आरती से की गई। सभा में जिला साहू संघ अध्यक्ष तोषराम साहू ने कहा कि हमारे आराध्य माता कर्मा की आज हम जयंती हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। हमारी आराध्य मां कर्मा हर समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। वहीं मां कर्मा के जीवनी पर आधारित मेरी मां कर्मा फिल्म देखने को लेकर भी लोगों को सलाह दी गई और अपील की गई। सभा को संबोधित करते हुए बिलाईगढ़ तहसील साहू संघ के अध्यक्ष शनि साहू ने कहा की मां कर्मा अपने कर्म के कारण भगवान को भी अपने पास खिचड़ी प्रसाद खिलाती थी और भगवान जगन्नाथ उनके श्रद्धा और भक्ति को देखकर उनके पास खिचड़ी का भोजन करने आया करते थे। इसीलिए हम सभी को अपने कर्म को श्रद्धा और लगन से साथ करना चाहिए, जिससे निश्चित ही सफलता मिलेगी। कार्यक्रम में जिला साहू संघ के संरक्षक पंचराम साहू ने मां कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डाला और समाज को आगे गति देने की ओर जोर दिया।



### खिचड़ी प्रसाद का श्रेय है मां कर्मा को

बता दें कि खिचड़ी प्रसाद का आविष्कार करने वाली मां कर्मा ही है, इस प्रसाद से न केवल भूख शांत होता है शरीर और स्वास्थ के लिए भी यह खिचड़ी लाभदायक है और हर वर्ग के लोग खिचड़ी प्रसाद ग्रहण करते हैं। तबीयत खराब होने पर भी डॉक्टर द्वारा खिचड़ी खाने का सलाह दी जाती है। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि हमें गर्व है कि इस प्रसाद का आविष्कार हमारी आराध्य मां कर्मा द्वारा किया गया है।

**प्रतिभावान विद्यार्थियों और वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान:** कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र–छात्राओं के साथ समाज के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान जिला अध्यक्ष तोषराम साहू एवं समाज के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित थे।



## दतान में भक्त माता कर्मा जयंती मनाई गई

**पलारी।** विकासखंड के निकटतम गांव दतान(प.) के ग्रामीण साहू समाज ने भक्त माता कर्मा जयंती मनाई। इस बार एक साथ एक समय पर प्रातः 11 बजे पूजा का आयोजन किया गया। साहू सामुदायिक भवन दतान में भक्तमाता कर्मा की पूजा –अर्चना कर महाआरती की गई, ततपश्चात प्रसाद का वितरण कर सामाजिक, व्याख्यान, कर्मा महात्यम पर चर्चा की गई।उक्त अवसर पर ग्रामीण सचिव विजय कुमार साहू, राधेश्याम साहू ने बताया की माता कर्मा भक्त शिरोमणी सेवा, त्याग, भक्ति समर्पण की देवी हैं। परम् आराध्य साध्वी भक्ति शिरोमणी मां कर्मादेवी देश–विदेश में सर्व साहू तेली समाज की आराध्य देवी कर्मा की गौरव गाथा जन–जन के मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से विगत हजारों वर्षों से चली आ रही है।

अतीत में उनकी पावन गाथा तथा उसने संबंधित लोकगीत और किंवदतिया इस बात के प्रमाण है कि मां कर्मा देवी कोई काल्पनिक पात्र नहीं है। मां कर्मादेवी का जन्म उत्तर प्रदेश के झांसी नगर में प्रसिद्ध व्यापारी साहू के घर में हुआ था। मां कर्मादेवी बाथरी वंश की थी। राम साहू की बेटी कर्मादेवी से साहू समाज का वंश चला आ रहा है।

इस मौके पर सामाजिक सदस्यों ने कहा कि प्रत्येक घर में सभी संध्याकालीन अपने–अपने घरों में 5–5 दीप कर्मा माता के नाम से जलाकर पूरे गाँव और सर्व समाज के सुख समृद्धि की कामना का संदेश दिया। कार्यक्रम में दरश साहू, राधेश्याम साहू, डॉ. पुसराम साहू, हेमलाल साहू, राजकुमार साहू, डायमंड साहू, तेजराम साहू, विजय कुमार साहू, मन्थिर साहू, बिसाहू साहू, टेकराम साहू आदि उपस्थित थे।

## धीवर समाज ने ली बैठक



**बगबुड़ा।** छत्तीसगढ़ में होने वाले लोक सभा निर्वाचन 2024 में धीवर द्वारा द्वारा भाजपा को समर्थन देने का निर्णय लिया गया। 5 अप्रैल को शिवरीनारायण में केवट समाज का 32 परगना क्षेत्र के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सचिव सहित सभी सदस्यों स्वजातीय बंधुओं की बैठक हुई, जिसमें मुख्य अतिथि कसडोल धनीराम धीवर की उपस्थिति में केवट समाज प्रमुख रामेश्वर प्रसाद कैवत्य, अध्यक्ष केन्द्रीय समिति सनत कुमार केवट, कोषाध्यक्ष केन्द्रीय समिति खोलबहर राम केवट, सर्वराकार धनेश केवट, उपाध्यक्ष केंद्रीय समिति अजय कुमार कैवत्य, मीडिया प्रभारी सहसचिव संतोष कुमार निषाद, कार्यकारिणी सदस्य राम विलास कैवत्य, संगठन सचिव गिरधारी लाल निषाद शामिल थे। इसमें समाज को संगठित कर सही दिशा चलते रहने का निर्णय लिया।

**3 लाख के मोबाइल पार:** रायपुर। गंज थाने में एक मोबाइल दुकान संचालक ने अज्ञात के खिलाफ उसकी दुकान का ताला तोड़कर तीन लाख रुपए से ज्यादा कीमत के 31 नग मोबाइल चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक देवेंद्र नगर स्थित श्री सिद्धि विनायक मोबाइल शॉप के संचालक हरीश श्रीवास ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है।

# कर्मचारियों ने लिया लोकसभा निर्वाचन के लिए प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

■ मास्टर ट्रेनर्स ने पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों के दायित्वों एवं कर्तव्यों की दी जानकारी

लोकसभा निर्वाचन के तहत भाटापारा में मतदान दल अधिकारियों के प्रथम चरण प्रशिक्षण बाइट दिवस संपन्न हुआ। प्रथम चरण में 1181 मतदान अधिकारी-1, 2 व 3 को प्रशिक्षण दिया गया। भाटापारा के शासकीय पंचम दीवान उत्तर माध्यमिक कन्या शाला में दो और तीन अप्रैल को दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन रखा गया था। पहले दिन 550 और दूसरे दिन 481 कर्मियों ने चुनाव प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते एवं संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर ने प्रत्येक कक्ष में प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शासकीय सेवकों को प्रोत्साहित किया। मालूम हो मतदान दल के कर्मियों के साथ प्रत्येक कक्ष में सेक्टर अधिकारियों का भी प्रशिक्षण रखा गया था। सहायक रिटर्निंग अधिकारी नितिन तिवारी ने सेक्टर अधिकारियों से कहा कि एक सेक्टर में आने वाले प्रत्येक मतदान केंद्रों की जानकारी सेक्टर अधिकारी को होनी चाहिए। मतदान केंद्रों के बारे में जितनी जानकारी सेक्टर अधिकारी के पास होगी। उतनी ही सुविधा मतदान दिवस के दिन होगी।

उन्होंने कहा कई पीठासीन अधिकारी पारंगत, अनुभवी होते हैं, लेकिन प्रशिक्षणों के दौरान ध्यान नहीं देने और ईवीएम मशीनों के संचालन की विधिवत प्रेक्टिस नहीं करने से घबराहट होती है। दरअसल, केंद्र पर मतदाताओं संख्या बढ़ते जाती है। ऐसे समय में प्रेक्टिस का महत्व बढ़ जाता है। इस कारण प्रशिक्षण में ही ईवीएम मशीनों का व्यवस्थित प्रशिक्षण लेना चाहिए। मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण में मतदान दलों को बिना घबराहट विधिवत प्रेक्टिस से मतदान संपन्न करने के तरीके बताए। मास्टर ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों के दायित्वों एवं कर्तव्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दूसरे दिन भी शासकीय कर्मियों में निष्पक्ष और निर्भीक मतदान करने के लिए उत्साहपूर्ण होकर प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण में मतदान सामग्री, ईव्हीएम, मॉकपॉल, सीआरसी, मशीन सील करना एवं क्लोज करना तथा पत्रक पर हस्ताक्षर करने सहित मतदान प्रक्रियाओं की बारीकी से प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान लोकतांत्रिक परंपराओं के निर्बाध निर्वाहन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता शपथ कार्यक्रम का संक्षिप्त आयोजन किया गया एवं समस्त कर्मियों ने मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान के बैनर पर हस्ताक्षर करते हुए मतदान हेतु संकल्प भी लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के सुचारू निष्पादन हेतु नितिन तिवारी अनु विभाग राजस्व के निर्देश पर जनपद सीईओ भाटापारा सत्यव्रत तिवारी, तहसीलदार भाटापारा, सीडीपीओ उमा कश्यप, अजय बहादुर सिंह सीएमओ, राम जीपाल बीईओ, खाद्य विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ कर्मी, कृषि, आरईएस,पी डब्लू डी भाटापारा विधानसभा से संबंधित सभी सेक्टर अधिकारी एवं सहयोगी शामिल रहे।



### मतदाता जागरण के लिए 8 अप्रैल को दौड़ का आयोजन

मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत 8 अप्रैल को प्रातः 6.30 बजे से विश्रामगृह भाटापारा से सिटी सेंटर होते हुए पुनः विश्राम गृह भाटापारा तक विकासखंड स्तरीय जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया है, इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी के साथ कॉलेज और स्कूलों के विद्यार्थी शामिल होंगे।

## आलेसूर में मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई ......



**खरोरा।** संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आलेसूर में मतदाताओं को अपने मत अधिकार का उपयोग करने गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। पूर्व माध्यमिक शाला आलेसूर के प्रधान पाठक युधिष्ठिर बुडेक ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से ग्रामवासियों को अपने मत अधिकार का उपयोग करने संदेश दिया गया। विद्यालय के शिक्षक नरेंद्र कुमार साहू ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार गांव में मतदाता रैली निकालकर ग्रामवासियों, युवा वर्ग, महिलाओं व जो पहली बार वोटिंग करने जा रहे हैं उन्हें प्रेरित किया गया। उक्त जानकारी धीरेंद्र वर्मा द्वारा दी गई।

